## प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 10.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से बेहतर भविष्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–चुनावी वायदों से आगे बढ़कर सरकार ने किया काम–तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं।
- प्रदेश सरकार का आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन मंडी के पड्डल मैदान में कल–तैयारियां जोरों पर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–जमीनी हकीकत को नज़रअंदाज करते हुए मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न पर करोड़ों रूपए खर्च कर रही है राज्य सरकार।

और

- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–मौसम विभाग ने 12 दिसंबर को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश होने का लगाया अनुमान।

**प्रधानमंत्री– सत्या नडेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिये एशिया में माइक्रोसॉफ्ट के अब तक के सबसे बड़े निवेश का स्वागत किया है। माइक्रोसॉफ्ट प्रमुख और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा विश्व आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस में भारत की क्षमता पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट द्वारा एशिया में अब तक के सबसे बड़े निवेश के लिए भारत का चयन करने पर उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि देश के युवा इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे और बेहतर भविष्य के लिए आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करेंगे।

**मुख्मंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने चुनावी वायदों से आगे बढ़कर काम किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने छह गारंटियां पूरी कर ली हैं और शेष गारंटियों को जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दो हजार 27 में आत्मनिर्भर और 2 हजार 32 तक देश का समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कुछ कड़े फैसले लिए गए हैं जिनके भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे।

## जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी के पड्डल मैदान में कल आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। मंडी में इस सम्मेलन की तैयारियों का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये सम्मेलन प्रदेश की नीतियों, उपलब्धियों और विकास की दिशा को जनता के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि जन संकल्प रैली को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार जमीनी हकीकत को नज़रअदाज करते हुए मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न पर करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। मंडी से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि आपदा के पांच महीने बीत जाने के बाद भी सराज क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगों को आज भी पीठ पर सामान लादकर दुर्गम गांवों तक पहुंचना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को मंडी रैली में अपनी उन गारंटियों पर भी जनता के बीच अपनी बात रखनी चाहिए जिनके सहारे कांग्रेस ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आपदा को लेकर गंभीर नहीं है।

## कंगना

मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद कांग्रेस ने हमेशा देश के संविधान की अवहेलना की है।

## नियुक्ति

आई.एफ.एस. अधिकारी संजय सूद को प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। संजय सूद वन निगम के प्रबंध निदेशक और जाईका के मुख्य परियोजना निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे।

## यूनियन मांग

हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक–परिचालक यूनियन ने प्रदेश सरकार से वेतन व लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में यूनियन के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो 24 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में शुष्क ठंड का दौर बदस्तुर जारी है। लाहौल स्पीति जिले की उंची चोटियों पर हुई हल्की बर्फबारी और प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में छा रहे घने कोहरे

ने ठंड में और इज़ाफा किया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 12 दिसंबर को राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश होने का अनुमान लगाया है। इधर बर्फबारी की चाह में पर्यटन स्थलों में पर्यटक उमड़ने शुरू हो गए हैं। कुल्लू से हमारे संवाददाता ने बताया कि बड़ी संख्या में सैलानी पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं।

——डिस्पैच—आशीष

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........</u>

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **पात्रों को मिलेगी 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली, तीन चरणों में देंगे महिलाओं को 1500—1500 रूपए।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **तीन साल में व्यवस्था बदली, गारंटियों भी पूरी करेंगे।**
पंजाब केसरी की एक खबर है **एचआरटीसी कर्मचारियों व पैंशनर्ज के लिए 60 करोड़ की ग्रांट जारी—मुख्यमंत्री ने जारी किए आदेश, कर्मचारियों को जारी करें वेतन।**
दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक की एक जैसी सुर्खी है **जिंदा गाय को नोचने के मामले में प्रदेश सरकार ने बैठाई जांच।**
<u>'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से बेहतर भविष्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—चुनावी वायदों से आगे बढ़कर सरकार ने किया काम—तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं।
- प्रदेश सरकार का आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन मंडी के पड्डल मैदान में कल—तैयारियां जोरों पर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप—जमीनी हकीकत को नज़रअंदाज करते हुए मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न पर करोड़ों रूपए खर्च कर रही है राज्य सरकार।

  और

- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी—मौसम विभाग ने 12 दिसंबर को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश होने का लगाया अनुमान।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार।